तारीख हुक्म	हुक्म वा कार्यवाही मय इनिशियल्स जज गोरव व्यास पुत्र चन्द्रप्रकाश व्यास निवासी मैन बाजार शिवमन्दिर के पास सेन्दडा तहसील रायपुर जिला पाली बनाम लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार रायपुर प्रथम सूचना अपील संख्या :– 80 / 2021 जीसीएमएस नं. :– 2021 / 318 (अपील अन्तर्गत धारा 19(1) आर.टी.आई. एक्ट 2005)	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए

28-1-22

1. पत्रावली आज पेश हुई । उभयपक्ष अनुपस्थित।

2. अपीलार्थी ने अपने आवेदन–पत्र दिनांक 17.09.2021 में वर्णित सूचना लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार रायपुर से चाही गई थी। परन्तु प्रत्यर्थी के द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध नहीं करवाये जाने के कारण अपीलार्थी द्वारा यह अपील प्रस्तुत कर प्रत्यर्थी से सूचना दिलाये जाने का निवेदन किया है।

3. लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार जैतारण ने जरिये पत्रांक / सू.अ. / 2021 / 182 दिनांक 09.12.2021 के इस न्यायालय को अवगत कराया कि अपीलार्थी द्वारा वांछित सूचना उनके कार्यालय के पत्रांक / सु.अ. / 2021 / 182 दिनांक 09.12.2021 को जरिये रजिस्टर्ड डाक क्रमांक RR792309024IN से दिनांक 21.10.2021 को उपलब्ध करवा दी गई है। अतः अपील अपीलार्थी खारिज फरमाई जावे।

4. हमने पत्रावली का अवलोकन किया। लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार रायपुर द्वारा अपीलार्थी को प्रेषित सूचना के विपरीत अपीलार्थी की ओर से किसी प्रकार की आपति / प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हुई हे ना ही अपीलार्थी सुनवाई के दौरान उपस्थित हुए है। ऐसी स्थिति में यह निष्कर्ष निकाला जाना उचित होगा कि अपीलार्थी प्रत्यर्थी के जवाब से संतुष्ट है।

5. अतः उपरोक्त विवेचन के परिप्रेक्ष्य में अपील अपीलार्थी खारिज की जाती है।

6. निर्णय आज दिनांक 28.01.2022 को लिखवाया जाकर कर खुले न्यायालय में सुनाया गया। निर्णय की प्रति उभयपक्ष को प्रेषित की जावे। पत्रावली फैसल शुमार हो कर नम्बर से कम हो बाद जाब्ता दाखिल दफ्तर हो।

नमित मेहता
प्रथम अपीलीय अधिकारी
लोक सूचना एवं जिला कलक्टर पाली